आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 17.09.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

- नई दिल्ली के यशोभूमि में सेमीकॉन इंडिया 2026 का उद्घाटन– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि दुनिया को नए और विश्वसनीय विनिर्माण केंद्र देने के लिए भारत पूरी तरह तैयार है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस और 25 वर्षों की जनसेवा के अवसर पर वडनगर से सेवा संकल्प अभियान की शुरुआत।
- भगवान विश्वकर्मा से श्रमिक वर्ग की समृद्धि की कामना करते हुए द्वीप समूह के सरकारी कार्यालयों में भव्य पूजा समारोह आयोजित किए गए।
- दक्षिण अंडमान में विम्बर्लीगंज, फरारगंज और शोल बे पंचायत सहित कई क्षेत्रों में 19 सितंबर को बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के यशोभूमि में सेमीकॉन इंडिया 2026 का उद्घाटन करते हुए कहा कि दुनिया को नए और विश्वसनीय मैन्युफैक्चरिंग हब की जरूरत है और भारत इस मांग को पूरा करने के लिए पूरी तरह तैयार है। चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल के बावजूद भारत ने सात दशमलव आठ प्रतिशत की विकास दर हासिल की है, जिसे देखते हुए जापानी क्रेडिट रेटिंग एजेंसी ने भी देश की रेटिंग में सुधार किया है। सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को मजबूती देने के लिए सरकार ने श्सेमीकंडक्टर मिशन दो दशमलव शून्य का बजट 8 अरब डॉलर से बढ़ाकर तेरह दशमलव पांच अरब डॉलर कर दिया है। अब तक चिप निर्माण की 12 परियोजनाओं को मंजूरी दी जा चुकी है, जिनकी संख्या आगे और बढ़ाई जाएगी। पीएम ने जोर दिया कि AI के इस दौर में भारत का सेमीकंडक्टर क्षेत्र नवाचार, निवेश और विकास के नए रास्ते खोल रहा है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन और उनकी 25 वर्षों की जनसेवा के अवसर पर गुजरात के वडनगर से महीने भर चलने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' की शुरुआत हुई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने वडनगर से वाराणसी के लिए एक बाइक रैली को रवाना किया। इसके साथ ही, देशभर में 'स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026' शुरुआत हुई, जिसकी थीम स्वच्छता में सहभागिता, स्वच्छ भारत–विकसित भारत है। यह अभियान सार्वजनिक स्थलों का कायाकल्प, सफाई मित्र सुरक्षा, और कचरा पृथकीकरण जैसे 5 प्रमुख स्तंभों पर केंद्रित है। जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने बताया कि विश्व पर्यटन दिवस पर प्रमुख पर्यटन स्थलों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा, जबकि 1 अक्टूबर को राष्ट्रव्यापी स्वैच्छिक श्रमदान का आयोजन होगा।

<><><><><><><>

महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय, मायाबंदर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई I और II द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा दिवसश का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत परिसर में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष हुई, जहाँ प्राचार्य डॉ. आर. वी. आर. मूर्ति ने स्वयं सेवकों को श्रम की गरिमा और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम के तहत एन एस एस स्वयंसेवकों ने करमाटांग गाँव का दौरा कर ग्रामीणों को मिठाइयाँ बाँटीं और धान की खेती में सहयोग देकर श्रमदान किया। इसके साथ ही, समुद्र तट पर स्वच्छता अभियान चलाकर प्लास्टिक व कचरा एकत्र किया और तटीय पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कंदीमुथु के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. सत्यप्रकाश, डॉ. अझरुद्दीन सहाजी और प्रशांत कंदुलना सहित अन्य शिक्षकों एवं स्वयं सेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

<><><><><><><>

राजधानी श्री विजयपुरम में 21 सितंबर से 5 अक्टूबर तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश मधुरेश प्रसाद और न्यायाधीश प्रसंजीत बिश्वास विभिन्न मामलों की सुनवाई करेंगे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार राज्य कर्मचारी महासंघ कार्यालय परिसर में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया। अध्यक्ष जयदीप कुमार डे ने बी एम एस का ध्वज फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद ए. जी. गणेशन और भवन निवासी तिरुनावुकरसू को सम्मानित किया गया तथा श्रमिक वर्ग की समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में महासचिवएस. बीजू पिल्लई, वित्त सचिव ए. विजय नायर और बी एम एस के पूर्व राज्य अध्यक्षएम. वीरन्ना समेत कई सदस्य मौजूद रहे।

उधर, कैंपबेल बे के बिजली, ए पी डब्ल्यू डी, एस टी एस और वन विभाग में भी सुबह से शाम तक विधि–विधान से पूजा व शस्त्र और औजार पूजन हुआ। समापन पर कर्मचारियों व स्थानीय नागरिकों को प्रसाद और भोजन वितरित किया गया।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान के विभिन्न क्षेत्रों में 19 सितंबर को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, विम्बर्लीगंज साइट ऑफिस के पास एच टी लाइन की सफाई, पेड़ों की कटाई–छंटाई तथा खराब एल टी ए बी सी तारों को बदलने का मरम्मत कार्य किया जाएगा। इसके चलते सुबह आठ बजे से दोपहर एक बजे तक बिजली आपूर्ति प्रभावित रहने की संभावना है। इस दौरान डैम, कड़ाकचांग–दो, मॉडल विलेज, कमसरंत, कड़ाकचांग, पड़ाक बगीचा, मन्नारघाट, मल्लापुरम और राइट म्यो सहित शोआल बे पंचायत का पूरा क्षेत्र प्रभावित रहेगा। इसके अलावा फरारगंज साइट ऑफिस और कन्यापुरम में भी बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। अधिशासी अभियंता ने बताया कि निर्धारित मरम्मत कार्य मौसम की अनुकूल परिस्थितियों में ही किया जाएगा। यदि कार्य निर्धारित समय से पहले पूरा हो जाता है, तो बिजली आपूर्ति भी समय से पहले बहाल कर दी जाएगी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन के खेल एवं युवा कार्य विभाग ने बताया है कि विकसित भारत युवा नेता संवाद 2027, राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2027 की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता शुरू हो गई है। इसमें 15 से 29 वर्ष की आयु के युवा भाग ले सकते हैं। प्रश्नोत्तरी में राष्ट्रीय योजनाओं और पहलों, नई तकनीक, इतिहास, भूगोल, कला और संस्कृति, नागरिक अधिकारों और संविधान के मूल्यों, विज्ञान एवं अंतरिक्ष तकनीक, खेल, समसामयिक घटनाओं, भारतीय अर्थव्यवस्था और भारत से जुड़े अन्य विषयों पर सवाल पूछे जाएंगे। प्रश्नोत्तरी में भाग लेने से युवाओं के ज्ञान और देश के प्रति उनकी समझ बढ़ाने के साथ–साथ उनमें नई चीजें जानने की रुचि भी बढ़ेगी। प्रश्नोत्तरी पूरी करने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को डिजिटल प्रमाण–पत्र दिया जाएगा। प्रश्नोत्तरी में शामिल होने की अंतिम तारीख 30 सितंबर 2026 है। इसके बाद जिला और राज्य स्तर पर निबंध लेखन और प्रस्तुति प्रतियोगिताएं होंगी। राज्य स्तर पर विजेता युवा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जिसका आयोजन 10 से 12 जनवरी 2027 तक नई दिल्ली में किया जाएगा। इच्छुक युवा माई भारत पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में कल विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के वैज्ञानिक–बी डॉ. के.सिलंबरासन ने ओजोन परत के महत्व और इसके संरक्षण पर जानकारी दी। वहीं, ई आई ए सी पी की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रोमिला ने ओजोन क्षरण, मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल और पर्यावरण संरक्षण में थ्री–आर––रिड्यूस, रीयूज़ और रीसाइकल के महत्व पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पर्ल देवदास ने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण के लिए टिकाऊ और जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के शिक्षक और विद्यार्थियों ने भाग लिया। समापन पर्यावरण को स्वच्छ और हरित रखने की शपथ के साथ हुआ।

<><><><><><><>